नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय, संबलपुर में दिनांक 24.06.2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक श्री उदय अनंत कावले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता एवं श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर ने वह मुकाम हासिल किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। बैठक में आप सभी की बहुतायत उपस्थिति ही राजभाषा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आप सभी की उपस्थिति से एमसीएल कैम्पस उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान हो गया है। आप सभी के एक साथ किए गए प्रयासों से ही पूर्व क्षेत्र का श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसे बरकरार रखने के लिए और अधिक प्रयत्नशील रहने की आवश्यकता है।

श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि हम सभी हिंदी में एक दूसरे से वार्तालाप करके हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना सहयोग दे रहे हैं, जो कि सराहनीय प्रयास है। राजभाषा हिंदी हमें आपस में जोड़ती है। उन्होने नराकास, संबलपुर की गृह पत्रिका 'संबलप्रभा' के सफल प्रकाशन पर बधाई दी । उन्होंने गृह मंत्रालय, भारत सरकार से नराकास, संबलपुर को प्राप्त प्रथम पुरस्कार पर सभी सदस्य कार्यालय को हार्दिक बधाई दी तथा आगे बेहतर कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया।

बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक(राजभाषा)/सदस्य सचिव, नराकास,संबलपुर ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि नराकास, संबलपुर को गृह मंत्रालय की ओर से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसके लिए आप सभी को हार्दिक बधाई। ये पुरस्कार आप सभी के मेहनत और सहयोग से प्राप्त हुआ है। हमें इसे आगे बरकरार रखना होगा, जिसके लिए हम सभी को एकसाथ मिलकर कार्य करना होगा। किसी भी कार्यालय को राजभाषा के कार्यान्वयन में कुछ समस्या होंगी तो हम सभी मिल कर उसका समाधान करेंगे।

बैठक में श्री संजय कुमार झा, उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्री अजीत कुमार मेहेर, मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, श्री मनोज एम आर, सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक, श्री दिव्येंदु कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन कार्यों में वृद्धि लाने का सुझाव दिए।

बैठक में वर्ष के दौरान आयोजित राजभाषा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान सम्बलपुर की वार्षिक गृह पत्रिका 'संबलप्रभा" का विमोचन अध्यक्ष महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया।

बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की भूमिका सराहनीय रही।

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
संबलप्रभा
श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद
श्री केशव राव

MCL
प्रथम छमाही बैठक
श्री केशव राव
श्री उदय ए. कावले

दिनांक- 24.06.2024
श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद
श्री केशव राव